// आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: nsscceraj@gmail.com Ph.: 8209357575

क्रमांकः एफ.8(8)विविध/एनएसएस/आकाशि/2022/145-147 दिनांकः 25 मई, 2023

प्राचार्य,
समस्त राजकीय/निजी महाविद्यालय,
(एन.एस.एस. से सम्बन्धित)
राजस्थान।

विषय :— आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत **"मेरी माटी मेरा देश"** कार्यक्रम आयोजन के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ :— क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय, बी—7, देवनगर, टोंक रोड, जयपुर के पत्र दिनांक 24 मई, 2023.

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत सन्दर्भित पत्र एवं संलग्नकों की छाया प्रतियां संलग्न प्रेषित कर लेख है कि पत्र में दिये गये निर्देशानुसार कार्यवाही कर की गयी कार्यवाही से क्षेत्रीय निदेशक, क्षेत्रीय निदेशालय, जयपुर की ई—मेल — nssrajasthan@gmail.com/nss-jp-rj@nic.in पर सूचित करें।

संलग्न : उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(डॉ. सुरेन्द्र सिंह)
समन्वयक,
युवा कौशल एवं विकास प्रकोष्ठ

प्रतिलिपि —

1. वेब साईट प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर को अपलोड हेतु।
2. सम्बन्धित जिला समन्वयक को प्रेषित कर लेख है कि आपके अधीन महाविद्यालयों में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाईयों से सम्पर्क कर सन्दर्भित पत्र में दिये गये निर्देशों की पालना सुनिश्चित करावें।

भवदीय,

(डॉ. सुरेन्द्र सिंह)
समन्वयक,
युवा कौशल एवं विकास प्रकोष्ठ

मि.सं. 87/2/रासेयो/2023 | 1854–1928
भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय
बी.7, देव नगर, टोंक रोड,
जयपुर–302018

दिनांक 24 मई, 2023

प्रति

राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ
ग्रुप 4अ, शिक्षा विभाग
शासन सचिवालय, जयपुर।

विषयः- आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत **"मेरी माटी मेरा देश"** कार्यक्रम आयोजन के संबंध में

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 19 मई, 2023 (प्रति संलग्न) के संदर्भ में लेख है कि भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के युवा मामले विभाग द्वारा आयोजित होने वाले **"मेरी माटी मेरा देश"** राष्ट्रव्यापी अभियान में देश की प्रत्येक पंचायत स्तर, ब्लौक स्तर एवं जिला स्तर से राष्ट्रीय सेवा योजना के 10 स्वयंसेवक भाग लेंगे। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु गठित होने वाली जिला स्तर, ब्लोक स्तर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी को समिति का सदस्य बनाया जाऐगा एवं पंचायत स्तर पर रासेयो स्वयंसेवकों को समिति का सदस्य बनाया जायेगा।

अतः निवेदन है कि राजस्थान प्रदेश के जिला स्तर पर प्रत्येक जिले से महाविद्यालयों के 10 स्वयंसेवक, ब्लौक एवं पंचायत स्तर पर प्लस 2 के 10–10 स्वयंसेवकों का नामांकन संशोधित प्रपत्र पर भिजवाने का श्रम करें। जिला स्तर के नामांकन हेतु समन्वयक, रासेयो, कालेज शिक्षा एवं ब्लौक व पंचायत स्तर के नामांकन हेतु समन्वयक, रासेयो, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय को उचित दिशा निर्देश प्रदान करने का श्रम करें। उक्त सूचना इस कार्यालय को संलग्न संशोधित प्रपत्र पर दिनांक 26 मई, 2023 तक भिजवाने का श्रम करें।

सधन्यवाद

भवदीय

(कमल किशोर मक्कड़)
युवा अधिकारी
कृते क्षेत्रीय निदेशक

संलग्नकः यथोपरि।

प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :-

1. राज्य समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना कालेज शिक्षा, राजस्थान।
2. राज्य समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान।
3. सभी जिला समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, कालेज शिक्षा, राजस्थान।
4. सभी जिला समन्वयक/अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान।

मि.सं. 87 / 2 / रासेयो / 2023
भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय
बी.7, देव नगर, टोंक रोड,
जयपुर–302018

दिनांक 19 मई, 2023

प्रति

राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ
ग्रुप–4अ, शिक्षा विभाग
शासन सचिवालय, जयपुर।

विषयः– आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत **"मेरी माटी मेरा देश"** कार्यक्रम आयोजन के संबंध में

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय, नई दिल्ली के पत्र क्रमांक अ.शा.पी. 32–1 / रासेयो / निदेशा / 2023 / 371–386 दिनांक 18 मई, 2023 के संदर्भ में लेख है कि सचिव, युवा कार्यक्रम, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के युवा मामले विभाग द्वारा आयोजित होने वाले **"मेरी माटी मेरा देश"** राष्ट्रव्यापी अभियान में देश की प्रत्येक पंचायत से राष्ट्रीय सेवा योजना के 5 स्वयंसेवक भाग लेंगे। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु गठित होने वाली जिला स्तर,, ब्लोक स्तर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी को समिति का सदस्य बनाया जाऐगा एवं पंचायत स्तर पर रासेयो स्वयंसेवकों को समिति का सदस्य बनाया जायेगा। उक्त कार्यक्रम संबंधी सूचना इस पत्र के साथ संलग्न है।

अतः निवेदन है कि राजस्थान प्रदेश की प्रत्येक पंचायत से 10 स्वयंसेवकों का नाम उक्त कार्यक्रम हेतु इस कार्यालय को दिनांक 23 मई, 2023 तक भिजवाने का श्रम करें तथा साथ ही जिला स्तर पर समेकित सूची की एक प्रति नेहरू युवा केन्द्र संगठन के जिला युवा अधिकारी व राज्य स्तर पर नेहरू युवा केन्द्र संगठन के राज्य निदेशक को भी भेजने का श्रम करें। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम माह मई से प्रारम्भ होकर माह अगस्त 2023 तक चलेगा। यह कार्यक्रम पंचायत स्तर से प्रारम्भ होकर दिनांक 9 अगस्त को दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम आयोजित होने तक चलेगा।

आपके अधीनस्थ समस्त रासेयो इकाईयों को उपरोक्त कार्यक्रमों के आयोजन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी करें एवं आयोजित की गई गतिविधियों के फोटोग्राफ्स, वीडियो इत्यादि इस कार्यालय द्वारा बनाए गये व्हाट्सऐप ग्रुप में भेजने हेतु भी निर्देश जारी करने का श्रम करें। अपलोड किये गये फोटोग्राफ्स, वीडियो इत्यादि को निम्नलिखित हैन्डल्स पर टैग किया जाना भी अपेक्षित हैः–

- @_NSSIndia
- @NssRajasthan

- @MoYAS
- @ianuragthakur
- @rajcmo

भवदीय

(एस0पी0 भटनागर)
क्षेत्रीय निदेशक

संलग्नकः यथोपरि।

प्रतिलिपि सूचनार्थः

1 श्रीमान निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना, भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, शिवाजी स्टेडियम, नई दिल्ली।

2 श्रीमान राज्य निदेशक, नेहरू युवा केन्द्र संगठन, केन्द्रीय सदन, विद्याधर नगर, जयपुर।

प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :-

1. राज्य समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना कालेज शिक्षा, राजस्थान।
2. राज्य समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान।
3. सभी जिला समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, कालेज शिक्षा, राजस्थान।
4. सभी जिला समन्वयक/अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान।

## "Meri Mati Mera Desh abhiyaan" Data collection format

| S.no | District | District Code | Block | Block Code | Panchayat | Panchayat Code | Institution name | Institution Code | Name of Volunteer | Mobile no. | Email-Id | Name of Programme Officer | Mobile no. | Email-Id |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|